Mr. Marshall D. Orson, बोर्ड अध्यक्ष
Mrs. Vickie B. Turner, उपाध्यक्ष
Mr. Stan O. Jester
Dr. Michael A. Erwin
Mrs. Allyson Gevertz
Mr. Diijon DaCosta
Dr. Joyce Morley

Mrs. Cheryl Watson-Harris, अधीक्षक

तुरंत विज्ञप्ति के लिए

14 जुलाई 2020

संपर्क:
Portia Kirkland, 678-427-4898
Carla Parker, 404-734-1717

DCSD पुनःआरंभ योजना: विलंबित शुरुआत, दूरस्थ/सुदूर शिक्षा मॉडल के सतह खोलना

STONE MOUNTAIN, Ga. – DeKalb काउंटी स्कूल डिस्ट्रिक्ट अधीक्षक Cheryl Watson-Harris ने कल आयोजित की गई शिक्षा बोर्ड की बैठक के दौरान डिस्ट्रिक्ट पुनःआरंभ करने की योजना प्रस्तुत की।

मौजूदा योजना के तहत कोविड-9 के मौजूदा संकट को ध्यान में रखते हुए स्कूल बोर्ड को 2020-2021 स्कूल वर्ष के लिए 17 अगस्त 2020 से दूरस्थ/सुदूर शिक्षा मॉडल के साथ स्कूल खोलने की अनुशंसा की गई है। बोर्ड ने इस विलंबित आरंभ तिथि को मंजूरी दे दी है।

नए आकलनों और योजना में किए जाने वाले बदलावों की जानकारी मासिक आधार पर दी जाएगी।

डिस्ट्रिक्ट योजना के अंतर्गत Georgia लोक स्वास्थ्य विभाग, DeKalb काउंटी स्वास्थ्य बोर्ड, रोग नियंत्रण एवं रोकथाम केंद्र (CDC), Georgia शिक्षा विभाग (GaDOE), मेट्रोपोलिटन क्षेत्रीय शैक्षणिक सेवा एजेंसी (MRESA) और अधीक्षकों, तथा स्थानीय व राज्य सरकार के अधिकारियों के सहयोग से प्राप्त मौजूदा दिशानिर्देशों को शामिल किया गया है। माता-पिता, विद्यार्थियों और कर्मचारियों के साथ किए सर्वेक्षण में प्राप्त 39,574 उत्तरों से प्राप्त हुई जानकारी को भी इस योजना में शामिल किया गया।

“DeKalb काउंटी स्कूल डिस्ट्रिक्ट अपने विद्यार्थियों और कर्मचारियों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देता है, और इस समय हम वर्ष आरंभ करते हुए दूरस्थ/सुदूर शिक्षा मॉडल की अनुशंसा करते हैं,” कहना था अधीक्षक Cheryl Watson-Harris का। “हमारे क्षेत्र में महामारी से ग्रस्त लोगों की संख्या में होने वाली भरी वृद्धि को देखते हुए, यही विकल्प हमारे लिए सर्वोत्तम है, लेकिन इसका अवलोकन समय-समय पर किया जाता रहेगा। विद्यार्थियों, शिक्षकों और कर्मचारियों को भी दूरस्थ व्यवस्था में सहायता के लिए और अधिक संसाधन प्रदान किए जाएंगे।”

प्री-K से ग्रेड 12 तक का प्रत्येक विद्यार्थी क्रोमबुक का उपयोग कर पाए इसके लिए डिस्ट्रिक्ट ये डिवाइस 1:1 अनुपात में खरीदने जा रहा है। VERGE और Microsoft टीम्स तथा इसके जैसे अन्य सॉफ्टवेयर संसाधनों का सफलतापूर्वक उपयोग करने के तरीके को जानने के लिए विद्यार्थी और माता-पिता मॉड्यूल देख पाएंगे।

मार्गदर्शन सत्र आयोजित करने के साथ-साथ स्टाफ के लिए युवा मानसिक स्वास्थ्य प्राथमिक चिकित्सा 101 प्रशिक्षण प्रदान करना जारी रखने के लिए DCSD द्वारा स्कूल परामर्शदाताओं को VERGE और Microsoft टीम्स तक पहुँच भी प्रदान की जाएगी। स्कूलों और शिक्षकों को वैकल्पिक उपकरण जैसे Zoom और Google क्लासरूम चुनने की आज़ादी दी जाती है और वे अपने विद्यार्थियों और माता-पिता को उचित संसाधनों की जानकारी देंगे।

14 जुलाई से आरंभ करते हुए, स्कूल खोलने की तैयारी के लिए 12 माह काम करने वाले कर्मचारी हाइब्रिड पद्धति के जरिए वापस काम करना आरंभ करेंगे। DCSD द्वारा चरणबद्ध कार्यक्रम तैयार किए जा रहे हैं जिससे स्कूल वर्ष आरंभ करने की तैयारी में शिक्षक, सहायक कर्मचारी, और विद्यार्थी अनुदेशात्मक संसाधनों और/या चेकआउट डिवाइसों का सुरक्षित उपयोग कर पाएं।

DCSD द्वारा शिक्षकों और लीडरों की सहायता के लिए आघात, निहित पक्षपात, सामाजिक-भावनात्मक शिक्षा, डिजिटल और ऑनलाइन शिक्षा उपकरणों और प्रणालियों के समावेशन और उचित उपयोग सहित व्यावसायिक विकास सामग्री का भी निर्माण किया जा रहा है। दूरस्थ शिक्षा व्यवस्था में विद्यार्थियों को प्रभावी तौर पर शिक्षा देने और उनकी प्रगति पर निगरानी रखने के लिए व्यावसायिक विकास सत्र प्रदान किए जाएंगे जिससे सर्वश्रेष्ठ अभ्यास और रणनीतियां साझा की जा सकें।

शिक्षकों को तुल्यकालिक और अतुल्यकालिक शिक्षा में भाग लेने का अवसर दिया जाएगा जिसमें वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए सीधे तौर पर अनुदेश देने, विद्यार्थी सहभागिता को बढ़ाने, और लक्षित हस्तक्षेप करने और समर्थन देने के लिए किस प्रकार से Microsoft टीम्स और Zoom का उपयोग किया जाए इसके ऊपर ध्यान दिया गया है।

डिस्ट्रिक्ट द्वारा प्रत्येक ग्रेड स्तर के लिए संघीय दिशानिर्देशों के अनुकूल सुबह के नाश्ते, दोपहर के भोजन और स्नैक्स/शाम के भोजन के लिए (जैसा लागू हो), विभिन्न प्रकार के गुणकारी भोजन की योजना बनाई जा रही है। पोषण विभाग परिवहन विभाग के सहयोग से परिवहन से वंचित परिवारों के लिए स्कूल बस मार्गों पर भोजन प्रदान करेगा।

यह योजना समुदाय में फैले रोग से मेल खाते शिक्षा मॉडल को अपनाने की मांग रखती है। रोग के फैलाव में कमी आने या उसके रुकने के बाद पारंपरिक मॉडल का उपयोग किया जाएगा। न्यूनतम या मामूली फैलाव के साथ ही, या तो पारंपरिक, हाइब्रिड या दूरस्थ/सुदूर शिक्षा का उपयोग किया जाएगा। वर्तमान में, इस क्षेत्र में महामारी का फैलाव बहुत अधिक है, इसलिए दूरस्थ/सुदूर शिक्षा मॉडल की अनुशंसा की जाती है।

डिस्ट्रिक्ट द्वारा लगातार कोविड-19 के डेटा की निगरानी की जाएगी और फैलाव के स्तर का आकलन करते हुए निर्धारित किया जाएगा कि शिक्षा के मौजूदा मॉडल में कब फेरबदल किया जाए। 14 सितंबर, 19 अक्तूबर, 9 नवंबर, और 7 दिसंबर 2020 को बोर्ड की बैठकों के दौरान ये आकलन प्रस्तुत किए जाएंगे।

समुदाय के साथ किए सर्वेक्षण से पता चला कि अधिकतर कर्मचारी (70 प्रतिशत) और माता-पिता (59 प्रतिशत) वर्ष शुरू करते समय शिक्षा के पारंपरिक मॉडल के प्रति असहज महसूस करते हैं। दोनों समूह हाइब्रिड मॉडल और दूरस्थ/सुदूर मॉडल के प्रति अधिक सहज थे। विद्यार्थियों ने पारंपरिक मॉडल के प्रति अधिक सहजता का संकेत दिया।

सफाई और रखरखाव से जुड़े नए मानदंडों के विवरण सहित प्रस्तुत की गई संपूर्ण योजना की समीक्षा के लिए https://www.dekalbschoolsga.org/documents/plan-presentation.pdf पर क्लिक करें।